राजस्थान सरकार
आयोजना (ग्रुप–4) विभाग

विषयः– **"राजस्थान–मिशन 2030 अभियान" के अन्तर्गत जिलेवार सर्वे के संबंध में।**

इस विभाग के समसंख्यक अ.शा.टीप दिनांक 26.08.2023 के द्वारा जनकल्याण ऐप के माध्यम से फेस टू फेस सर्वे के संबंध में लिखा गया था। आपके विभाग से संबंधित सभी सर्वेयर्स का जनकल्याण ऐप पर सर्वे हेतु रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करवाकर प्रति सर्वेयर 100 नागरिकों का सर्वे हेतु निवेदन किया गया था। सर्वे हेतु इंगित Field Functionaries (सर्वेयर्स) का विभागवार विवरण निम्नानुसार हैः–

विभाग	**सर्वेयर**	**सर्वेयर की संख्या (लगभग)**	**कुल किये जाने वाले सर्वे**
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	आशा सहयोगिनी	50,000	50 लाख
महिला एवं बाल विकास	आंगनबाडी कार्यकर्ता	50,000	50 लाख
स्कूल शिक्षा	विद्यालय सहायक	20,000	20 लाख
ग्रामीण विकास	नरेगा मेट	20,000	20 लाख
ग्रामीण विकास	राजीविका सखी कैडर	40,000	40 लाख
स्वायत्त शासन विभाग	शहरी रोजगार गारंटी मेट	1,100	1.1 लाख
कुल			**1.81 करोड़**

संभागीय आयुक्तों एवं जिला कलक्टर्स द्वारा सर्वे कार्य की मॉनिटिरिंग की जायेगी, जिसके लिए जिलेवार सर्वे कार्य का Distribution चाहा गया है। अतः आपसे निवेदन है किः–

1. आपके विभाग से सर्वे हेतु संबंधित Field Functionaries की जिलेवार संख्या की सूचना तत्काल ईमेल plan.group4@rajasthan.gov.in पर भिजवाने का श्रम करावें।
2. आपके विभाग से संबंधित Field Functionaries (सर्वेयर्स) का अविलम्ब जनकल्याण ऐप पर रजिस्ट्रेशन करवाकर सर्वे कार्य अतिशीघ्र आरम्भ करावें।
3. आपके विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों को सर्वे की नियमित मॉनिटिरिंग कर सर्वे कार्य 15.09.2023 तक पूर्ण करवाने हेतु निर्देशित करावें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जावे।

(भवानी सिंह देथा)
प्रमुख शासन सचिव, आयोजना

अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव

क्रमांकः प.4(1)आयो./ग्रुप–4/2023
जयपुर, दिनांकः 01.09.2023

प्रतिलिपि: निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. विशेषाधिकारी, मुख्य सचिव
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, आयोजना विभाग
3. शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग
4. संयुक्त शासन सचिव, आयोजना

प्रमुख शासन सचिव, आयोजना